# अवैध उत्खनन पर उठे सवाल

▸ विभागीय मिलीभगत के लगाए आरोप



**नवभारत न्यूज**
**इटारसी, 28 जून. जिले में अवैध खनन और खनिज परिवहन पर रोक लगाने के शासन-प्रशासन के दावों के बीच अवैध उत्खनन लगातार जारी रहने के आरोप सामने आए हैं. स्थानीय स्तर पर यह भी आरोप लगाए जा रहे हैं कि संबंधित विभागों की लापरवाही और कथित मिलीभगत के कारण मुरम और मिट्टी का अवैध खनन नहीं रुक पा रहा है.**

स्थानीय सूत्रों के अनुसार जिले में बड़ी संख्या में डंपर अवैध खनिज परिवहन में लगे हैं. आरोप है कि कुछ वाहन मालिकों ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से सांठगांठ कर कार्रवाई से बचने का रास्ता बना रखा है. यह भी दावा किया जा रहा है कि कई डंपरों पर परिवहन विभाग का लाखों रुपये का राजस्व बकाया है, इसके बावजूद वे लगातार संचालन कर रहे हैं.

रिपोर्ट में खनिज, परिवहन और राजस्व विभाग के कुछ अधिकारियों पर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं. साथ ही निमसाड़िया, टेमला कला, नजरपुर, करखा जांमई, दामिनी पांडरी, पथरौटा, कबेली, सोमलवाड़ा कला और डोलरिया तहसील के धमासा क्षेत्र में अवैध मुरम और मिट्टी उत्खनन होने का दावा किया गया है.

हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है. संबंधित विभागों की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है. यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग तेज हो सकती है.

## सरिता चौधरी गृहिणी से आत्मनिर्भर महिला बनने तक का सफर

**नर्मदापुरम.** मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड एवं जिला प्रशासन द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और पर्यटन क्षेत्र से जोड़ने के लिए किए जा रहे प्रयास अब सकारात्मक परिणाम देने लगे हैं. पचमढ़ी की निवासी सरिता चौधरी की सफलता की कहानी इस बात का प्रमाण है कि सही अवसर और प्रशिक्षण मिलने पर महिलाएं न केवल अपने सपनों को साकार कर सकती हैं, बल्कि परिवार की आर्थिक मजबूती में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं. 42 वर्षीय सरिता चौधरी बताती हैं कि उनके पति जिप्सी चालक हैं और परिवार की आजीविका मुख्य रूप से उनकी आय पर निर्भर थी. बढ़ती महंगाई, बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी खर्चों के कारण परिवार को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था.

# सजातीय एकता से ही समाज की प्रगति संभव : श्रोतीय

समाज द्वारा स्थापित आपदा प्रबंधन कोष से अब तक कई जरूरतमंद परिवारों को सहायता दी



**नवभारत न्यूज**
**नर्मदापुरम, 28 जून. कड़ा मानकपुरी समाज की आयोजित बैठक में वरिष्ठ समाजसेवी उमाशंकर श्रोतीय ने समाज की एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि समाज तभी आगे बढ़ सकता है, जब सभी सदस्य आपसी मतभेद भुलाकर मिलकर कार्य करें. उन्होंने कहा कि समाज के विकास में महिला और पुरुष दोनों की समान भागीदारी आवश्यक है.**

उमाशंकर श्रोतीय ने कहा कि समाज के लिए किए गए कार्य आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनते हैं. उन्होंने बताया कि समाज द्वारा स्थापित आपदा प्रबंधन कोष से अब तक कई जरूरतमंद परिवारों को सहायता मिल चुकी है और भविष्य में भी इस पहल को आगे बढ़ाया जाएगा.

उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों का सम्मान किया जाना चाहिए, ताकि उनमें समाज के प्रति जुड़ाव और सम्मान की भावना मजबूत हो. बैठक में डॉ. विनय दुबे, कैलाश दुबे, नरेंद्र तिवारी, व्ही.पी. श्रोतीय, अरुण दीक्षित सहित समाज के कई वरिष्ठजन मंचासीन रहे. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष सदस्य उपस्थित थे.

## एक नजर में

### कानपुर से मदुरै के बीच 1 जुलाई से चलेगी स्पेशल ट्रेन



**नर्मदापुरम.** गाड़ी संख्या 01925 कानपुर सेंट्रल-मदुरै विशेष गाड़ी का संचालन किया जा रहा है. यह गाड़ी प्रत्येक बुधवार को 1 जुलाई 2026 से 29 जुलाई 2026 तक कुल 5 फेरों के लिए कानपुर सेंट्रल से प्रात: 08:10 बजे प्रस्थान करेगी. यह गाड़ी बीना 15:40 बजे, भोपाल 17:20 बजे एवं इटारसी 19:25 बजे ठहराव लेते हुए मदुरै पहुंचेगी. गाड़ी संख्या 01926 मदुरै-कानपुर सेंट्रल विशेष गाड़ी प्रत्येक शनिवार को 4 जुलाई 2026 से 1 अगस्त 2026 तक कुल 5 फेरों के लिए मदुरै से प्रस्थान करेगी. वापसी दिशा में यह गाड़ी इटारसी 15:05 बजे, भोपाल 17:05 बजे, बीना 20:25 बजे एवं ललितपुर 21:13 बजे ठहराव लेते हुए कानपुर सेंट्रल पहुँचेगी.

### अड़ीबाजी आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल



**माखननगर.** माखन नगर थाना पुलिस ने अड़ीबाजी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी वेदांत यादव निवासी आंखमऊ को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में केंद्रीय जेल नर्मदापुरम भेज दिया गया. थाना के एएसआई वीरेंद्र शुक्ला ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश एवं मार्गदर्शन में दर्ज अपराध क्रमांक 453/26 में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296, 119(ए), 35 एवं 13 के तहत कार्रवाई की गई. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से न्यायालय के आदेश पर उसे केंद्रीय जेल नर्मदापुरम भेज दिया गया.

### पलकमती नदी को प्रदूषणमुक्त बनाने नालों को करें टैप



**नर्मदापुरम.** आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास, मध्यप्रदेश संकेत भोंडवे ने शुक्रवार को नगर परिषद सोहागपुर में अमृत 2.0 एवं स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री भोंडवे ने निर्देश दिए कि पलकमती नदी में मिल रहे सभी नालों को टैप कर अपशिष्ट जल का समुचित उपचार सुनिश्चित किया जाए, ताकि नदी को प्रदूषणमुक्त बनाए रखने की दिशा में प्रभावी कार्य हो सके। उन्होंने एसटीपी परिसर में व्यापक स्तर पर पौधारोपण कराने, अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने तथा सीडबॉल के माध्यम से भी वृक्षारोपण अभियान संचालित करने के निर्देश दिए।

# नियमों के उल्लंघन पर होगी जेल और लगेगा जुर्माना

## जागरूक नागरिक भी श्रम विभाग को दे सकते हैं जानकारी : श्रम विभाग

▸ निर्माण स्थलों पर श्रमिकों को व्यवस्था, सुरक्षा देना जरूरी
▸ श्रम विभाग को सूचना देना भी अनिवार्य




**नवभारत न्यूज**
**नर्मदापुरम, 28 जून. श्रम विभाग ने निर्माण स्थलों पर श्रमिकों की सुरक्षा, स्वस्थ कार्य वातावरण और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए नए निर्देश जारी किए हैं.**

भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के तहत अब सभी निर्माण स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था और सुरक्षा अधिकारियों की मौजूदगी अनिवार्य होगी. इसके लिए 'श्रम सेवा पोर्टल' मोबाइल ऐप के माध्यम से निर्माण स्थल, श्रमिकों की संख्या और अन्य आवश्यक जानकारी दर्ज कराई जाएगी.

भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण अधिनियम, 1996 के अनुसार किसी भी निर्माण कार्य की शुरुआत से कम से कम 30 दिन पहले संबंधित श्रम निरीक्षक को सूचना देना अनिवार्य होगा. नियोजकों को निर्माण स्थल और अपनाए गए सुरक्षा उपायों का पूरा विवरण ऑनलाइन पोर्टल या जिला श्रम कार्यालय के माध्यम से उपलब्ध कराना होगा.

श्रम विभाग ने स्पष्ट किया है कि निर्माण कार्य की पूर्व सूचना नहीं देने पर इसे नियमों का उल्लंघन माना जाएगा. ऐसे मामलों में दोषी नियोक्ता के खिलाफ तीन माह तक के कारावास, दो हजार रुपये तक के जुर्माने या दोनों प्रकार की सजा का प्रावधान है. राज्य के सभी निर्माण विभागों को भी कार्य शुरू करने से पहले श्रम विभाग को अनिवार्य रूप से सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं.

**श्रम विभाग ने दी जानकारी**

विभाग ने आम नागरिकों को भी इस अभियान से जोड़ा है. कोई भी व्यक्ति 'श्रम प्रहरी' बनकर बिना सूचना संचालित निर्माण कार्यों की जानकारी टोल-फ्री कंट्रोल रूम नंबर 1800-233-8888 पर दे सकता है. विभाग का उद्देश्य निर्माण कार्यों में पारदर्शिता बढ़ाना और श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है.

# महिला ने लगाया आरोप : पति ने जबरन पिलाया जहर

**हरदा, 28 जून. जिले के रहटगांव क्षेत्र के ग्राम महुखाल की रहने वाली मीना यादव ने अपने पति पर हाथ बांधकर जबरन जहरीला पदार्थ पिलाने का आरोप लगाया है. गंभीर हालत में महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के बाद उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है.**

मीना ने बताया कि 26 जून की रात पति हरिओम यादव ने उसके साथ मारपीट की, दोनों हाथ रस्सी से बांध दिए और गिलास में घोलकर जहरीला पाउडर पिला दिया. इसके बाद वह मौके से चला गया. किसी तरह उसने अपनी बहन अर्चना को फोन कर घटना की जानकारी दी. सूचना मिलने पर भाई और मां उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज शुरू किया गया.

महिला के भाई लल्लू यादव और मां अमरा बाई का आरोप है कि हरिओम यादव बेटे की चाह में मीना पर लगातार दबाव बनाता था. दंपति की चार बेटियां हैं और तीसरी डिलीवरी के बाद चिकित्सकों ने दोबारा गर्भधारण से मना किया था. परिजनों का कहना है कि इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था और पति दूसरी शादी करने की बात भी करता था. फिलहाल महिला का उपचार जिला अस्पताल में जारी है.

# सरपंच गजेन्द्र सिंह पटेल ने बच्चों को पिलाई दवा

▸ खरसली में पल्स पोलियो अभियान शुरू




**नवभारत न्यूज**
**बनखेड़ी, 28 जून. राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत ग्राम खरसली में रविवार को 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने का शुभारंभ किया गया. अभियान की शुरुआत सरपंच गजेन्द्र सिंह पटेल ने बच्चों को 'दो बूंद जिंदगी की' पिलाकर की.**

इस अवसर पर सरपंच गजेन्द्र सिंह पटेल ने ग्रामीणों से अपील की कि गांव का कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे. उन्होंने कहा कि बच्चों का स्वस्थ भविष्य सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है. अभियान के दौरान आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं ने बूथ पर पहुंचे बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई. स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार जो बच्चे किसी कारणवश बूथ तक नहीं पहुंच सके, उन्हें आगामी दिनों में आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर दवा पिलाएंगी. सरपंच गजेन्द्र सिंह पटेल, विष्णु ठाकुर, सुरेन्द्र ठाकुर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रंजना मेहरा, आशा कार्यकर्ता दुर्गा मेहरा, आंगनवाड़ी सहायिका व ग्रामीण उपस्थित रहे.

# 1.48 लाख बच्चों को दवा पिलाने का रखा लक्ष्य

▸ नर्मदापुरम में पल्स पोलियो अभियान का भव्य आरंभ



**नवभारत न्यूज**
**नर्मदापुरम, 28 जून. जिले में रविवार से 30 जून तक पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत हो गई. अभियान का शुभारंभ राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने कलेक्टर सोमेश मिश्रा की उपस्थिति में किया. इस दौरान अभिभावकों से अपील की गई कि वे 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं.**

स्वास्थ्य विभाग ने अभियान के तहत जिले के 1 लाख 48 हजार 437 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया है. इसके लिए जिलेभर में 1,460 पोलियो बूथ, 53 ट्रांजिट टीमें और 14 मोबाइल टीमें सहित कुल 1,527 टीमें तैनात की गई हैं.

स्वास्थ्य विभाग की टीमें बूथों के अलावा बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी बच्चों को पोलियो की दवा पिला रही हैं. विभागीय अधिकारियों के अनुसार अभियान की लगातार निगरानी की जा रही है, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे.

# मन की बात में महिला सशक्तिकरण पर जोर

▸ नर्मदापुरम भाजपा कार्यालय में सुना पीएम का संदेश



**नर्मदापुरम. भारतीय जनता पार्टी नर्मदापुरम जिले के 1283 बूथों पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने आमजन के साथ सुना.**

मन की बात कार्यक्रम के जिला प्रभारी प्रशांत दीक्षित ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने उद्बोधन में पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण संदेश दिया है. रीति शुक्ला ने कहा कि यह नर्मदापुरम सहित पूरे मध्यप्रदेश के लिए हर्ष का विषय है कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले के ब्यावरा की उन बहनों की विशेष सराहना की, जो प्लास्टिक कचरे का पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) कर इको-ब्रिक्स तैयार कर रही हैं. उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अनुकरणीय प्रयास है, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का भी प्रेरणादायी उदाहरण है. प्रधानमंत्री ने आगामी गणेश महोत्सव के अवसर पर देशवासियों से मिट्टी से निर्मित गणेश प्रतिमाओं का उपयोग करने का आग्रह किया है.

## मानक अग्रवाल ने सरकार पर लगाया आरोप

**इटारसी. (नवभारत न्यूज)** मुख्यमंत्री डॉ. यादव और उनके परिवार उज्जैन भोपाल इंदौर व प्रदेश के सभी बड़े शहरों में अपने प्रभाव के बल पर ओने पौने दामों में जमीन खरीद कर भू माफिया बन गया है. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अग्रवाल ने रविवार को आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान लगाए. अग्रवाल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के सांस्कृतिक सलाहकार ओर वीर भारत न्यास के पूर्व सचिव श्री राम तिवारी पर भी करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार के आरोप लगाए. पूर्ण दावा किया कि संस्कृति विभाग के अधीन वीर भारत न्यास के नाम पर बेशकीमती जमीन का हड़पने और प्रचार प्रसार के नाम पर करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार करना के आरोप लगाया.

# वार्ड 23 में सुनी 'मन की बात'



**नवभारत न्यूज**
**इटारसी, 28 जून. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 135वां संस्करण रविवार को वार्ड क्रमांक 23 के बूथ क्रमांक 221 पर पार्षद एवं सभापति गीता देवेंद्र पटेल के निवास पर सामूहिक रूप से सुना गया.**

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. इस अवसर पर पार्षद एवं सभापति राकेश जाधव, विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र पटेल, भाजपा नगर महामंत्री शैलेंद्र दुबे, मनोनीत पार्षद संजीव हूरा, डब्लू यादव, हैप्पी शर्मा सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

**तैयारियां** ▸ निकाय चुनाव तैयारियों पर कांग्रेस की बैठक

# आगामी नगरीय निकाय चुनाव को लेकर तैयारियां चरम पर




**नवभारत न्यूज**
**इटार, 28 जून. आगामी नगरीय निकाय चुनावों की तैयारियों को लेकर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की. बैठक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में संपन्न हुई, जिसमें चुनावी रणनीति और संगठनात्मक तैयारियों पर चर्चा की गई.**

बैठक में नर्मदापुरम जिला कांग्रेस प्रभारी संजय शर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत 'गुड्डन' पांडेय के नेतृत्व में जिले के प्रतिनिधियों ने भाग लिया. इटारसी नगर पालिका चुनाव 2022 की कांग्रेस प्रत्याशी तुलसा वर्मा, नर्मदापुरम नगर पालिका परिषद की कांग्रेस प्रत्याशी मीना वर्मा, सिवनी मालवा से अजय पटेल तथा पिपरिया से हेमलता राजपूत भी बैठक में विशेष रूप से उपस्थित रहीं.

जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार ने बताया कि बैठक में नगरीय निकाय चुनावों के लिए संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और चुनावी तैयारियों को गति देने पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया.

# दुकान जाने कहकर निकले व्यापारी लापता

▸ मोटरसाइकिल ओवरब्रिज के पास खड़ी मिली



**नवभारत न्यूज**
**इटारसी, 28 जून. शहर के निवासी सतीश अरक्का (46) बीते 22 जून से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हैं. परिजनों के अनुसार वह रोज की तरह सुबह करीब 10 बजे घर से दुकान जाने की बात कहकर निकले थे, लेकिन इसके बाद वापस घर नहीं लौटे.**

जानकारी के मुताबिक सतीश ने दुकान खोली, लेकिन कुछ देर बाद शटर बंद कर अपना मोबाइल दुकान के अंदर ही छोड़ दिया. बाद में उनकी मोटरसाइकिल ओवरब्रिज के पास हनुमान मंदिर के निकट खड़ी मिली, जबकि वह स्वयं वहां से लापता हो गए. परिजनों ने इटारसी थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है. उनका कहना है कि सतीश अपने काम से काम रखने वाले व्यक्ति थे और किसी से कोई विवाद नहीं था. ऐसे में उनके अचानक लापता होने से पूरा परिवार चिंतित है.

घटना को एक सप्ताह से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अब तक सतीश अरक्का का कोई सुराग नहीं मिल पाया है. परिजनों ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी को उनके संबंध में कोई जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस या परिवार को सूचित करें.